दिनांकः 21.04.2023

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ में दिनांक 08 अप्रैल, 2023 को राष्ट्रीय चिड़ियाघर प्रेमी दिवस मनाया गया था। इस अवसर पर स्कूली छात्र/छात्राओं हेतु ''डिजाइन योर लखनऊ जू'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें श्रीमती नीना कुमार, शिक्षा अधिकारी, प्राणि उद्यान द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। दिनांक 20 अप्रैल, 2023 को उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं द्वारा तैयार किये गये मॉडल/प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी ''एक झांकी एक बानगी'' का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मनोज सिंह, अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने श्रीमती नीना कुमार शिक्षा अधिकारी की सराहना करते कहा कि जब से इन्होंने पदभार ग्रहण किया है तब से इस प्रकार के अच्छे कार्यक्रम प्राणि उद्यान में होते रहते हैं। विशिष्ट अतिथि श्री सुनील चौधरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, टाइगर प्रोजेक्ट एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा भी शिक्षा अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा की गयी। प्राणि उद्यान के निदेशक ने श्रीमती नीना कुमार, शिक्षा अधिकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा अधिकारी की मेहनत और लगन के कारण ही यह कार्यक्रम इतना भव्य हुआ है। यह झांकी आज भी प्राणि उद्यान में लगी हुई है, जिसे दर्शकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय श्री मनोज सिंह, अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा श्रीमती नीना कुमार, शिक्षा अधिकारी, प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा रचित पुस्तक ''जीव, जिनका सेन्सर उन्हें अद्‌भुत बनाता है'' का विमोचन किया गया था। दर्शकों एवं विशेषकर बच्चों द्वारा इस पुस्तक की काफी सराहना की जा रही है। प्राणि उद्यान के निदेशक ने भी उक्त पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक स्कूली छात्र/छात्राओं के लिए अत्यन्त ही ज्ञानवर्धक है।

जैसा कि आप अवगत हैं कि प्रत्येक सोमवार को प्राणि उद्यान की साप्ताहिक बन्दी रहती है परन्तु दिनांक 24.04.2023 (दिन सोमवार) को ईद के उपलक्ष्य में आने वाले दर्शकों की संख्या को देखते हुए नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ दर्शकों हेतु पूर्णतः खुला रहेगा।

वृद्ध बीमार तेंदुआ अशोका ने बीते दिवस में थोड़ा मुर्गे का सूप पिया और पानी भी ग्रहण किया था परन्तु कुछ भी भोजन नहीं खाया। तेंदुए को लगातार आई0वी0 फ्यूल्स पर रखा जा रहा है लेकिन तेंदुआ की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। प्राणि उद्यान के वन्यजीव चिकित्सकों तथा कीपरों द्वारा तेंदुए की लगातार निगरानी की जा रही है।

—ह0—

(वी0 के0 मिश्र)

निदेशक

नवाब वाजिद अली शाह

प्राणि उद्यान, लखनऊ।